



## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में खालवा तहसील में हुई 9 मिली मीटर वर्षा

**खण्डवा ।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में खालवा तहसील में 9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि किसी अन्य तहसील में कोई भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 15 सितम्बर तक जिले में 833.6 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 694 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 805 मि.मी., हरसूद तहसील में 601 मि.मी., पन्धाना तहसील में 564 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 730 मि.मी. तथा खालवा तहसील में 770 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खण्डवा जिले की औसत वर्षा 808 मिली मीटर है।

### अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा

**खंडवा।** श्री तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिती द्वारा प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन को भव्य रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें अखिल भारतीय स्तर के कवियों को आमंत्रित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष आशीष चटकेले एवं महामंत्री दिनेश पालीवाल ने बताया कि समिति के गठन का यह 101 वाँ वर्ष है। इस वर्ष आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के बड़े कवि एवं गीतकार जगदीश सोलंकी कोटा, सिद्धार्थ देवल, उदयपुर ओजस्वी स्वर, दीपक पारीक भीलवाड़ा लाफ्टर शो फेम हास्य हंगामा, डॉ. आदित्य जैन, कोटा लपेटे में नेताजी फेम लोकप्रिय मंच संचालक, सोनल जैन सूरत अंतरराष्ट्रीय श्रृंगार कवयित्री, पार्थ नवीन प्रतापगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हास्य पैरोडीकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समाजसेवी व समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि हमारे नगर खंडवा मैं कवि सम्मेलनों को श्रोता उपस्थित होकर बड़े आनंद के साथ सुनते हैं नगर में बरसों से कवि सम्मेलन की परंपरा चल रही है। बड़े स्तर के कवि सम्मेलन भी लगातार होते रहते है। तुलसी उत्सव समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आगामी 20 सितंबर शनिवार को पुरानी अनाज मंडी पर आयोजित किया जाएगा। समिति सदस्यों ने समिति का 101 वाँ वर्ष भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। समिति के भावेश बिल्लोरे, भूपेन्द्र सिंह चौहान, सुनील जैन, मंगलेश शर्मा, रितेश चौहान, प्रदीप जैन, विवेक माहेश्वरी, सत्येन्द्र सोहनी, प्रदीप कानूगो, वासुदेव पंवार, आलोक खेड़ेकर, संजय दुबे, सतीश जैन, मंगलेश तोमर, मनोज यादव, मनोज लाड़, अनिल गुहा, मनोज जोशी, दिलीप पटेल ने कवि प्रेमियों को आयोजित कवि सम्मेलन में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया है।

### आयोजन : जयंती मनाई





**मून्दी।** नर्मदा नगर में नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 25 डिवीजन परिसर में आज डॉक्टर मोक्ष गुंडम वेश्वेश्वरैया जयंती मनाई गई। उप यंत्री एस के केन ने अभियंता दिवस के एवं मोक्ष गुंडम वेश्वेश्वरैया जयंती की जानकारी दी। सेवानिवृत्ति पूर्व इंजीनियर एल एनगोर एवं कार्यपालन यंत्री एस एल मीणा, एसपी तिर्की, जयप्रकाश आनंद एवं अन्य अधिकारियों ने मोक्ष गुंडम वेश्वेश्वरैया की फोटो पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। एल एन गौर एनडी ऊटबाल ने संबोधन किया। उप यंत्री ए के गौतम एस घूमरकर संतोष चौहान, नयन बरकने एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे। एन डी ऊटबाल ने मोक्ष गुंडम वेश्वेश्वरैया स्टैचू नर्मदा नगर में परियोजना क्षेत्र में स्थापित करने की मांग की।

### हिंदी भारत माता के माथे की बिंदी सद्भावना मंच का आयोजन



**खंडवा।** हमारी बोलचाल और लेखन की भाषा जितनी सरल होगी, संवाद उतना ही प्रभावी होगा। हमारी मातृ भाषा हिंदी हमारी जड़ों से जोड़ने वाली डोर है, हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, यह हमारी पहचान है। सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने तथा व्याख्याता अनूप शर्मा ने यह बात कही। मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि मंच कार्यालय पर संपन्न विशिष्ट आयोजन में राधेश्याम शाक्य, त्रिलोक चौधरी बी डी सराफ, ने हिंदी पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन, ओम पिल्ले, अनूप शर्मा, त्रिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, कमल नागपाल, एनके दवे, सुरेन्द्र गीते, डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे, गणेश भावसार, डॉ एमएम कुरैशी, राजेश पौरपंथ, अजय मंडलोई, बीडी सराफ, अशोक शर्मा, अशोक पारवानी, सुभाष मीणा और कैलाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### सेवा कार्यों के लिए जेसीआई क्लब खंडवा का विचार मंथन कार्यक्रम



**खंडवा।** जेसीआई सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को क्लब के पदाधिकारीयो एवं सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। जिसमे अलग-अलग विषय पर विचार मंथन हुआ। जेसीआई के विचार मंथन कार्यक्रम में अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि हम जेसीआई के कार्यों के साथ शहर के विकास एवं शहर की समस्याओं की ओर भी ध्यान दें। सामाजिक सेवा कार्यों के साथ ही शहर के विकास को लेकर भी अपना योगदान दें। समय-समय पर हमारा शहर स्वच्छ बने इसमें भी हमारी भूमिका हो। अनिल बाहेती ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं की जानकारी को हम प्राप्त करें और इसका लाभ जन जन को पहुंचने में भी अपनी भूमिका अदा करें। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि उपस्थित पदाधिकारी ने भी विचार मंथन में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। नागेश वालंजकर ने कहा दिव्यांगो को लेकर भी सरकार योजनाएं चल रही हैं हमारा दायित्व है कि समाज सेवा के इस कार्य में हम कार्य में हम दिव्यांग लोगों के लिए भी सेवा कार्य करें। विचार मंथन के इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सुजाता मोरे, मनन सोनी, अनुज खंडेलवाल, सुनील जैन, प्रिंस जिंदल, हरदीप छाबड़ा, अर्चना जोशी, काव्यशं जोशी, प्रफुल्ल मंडलोई, ज्योति वालंजकर, कुशदीप होरा, विकास मित्तल, सुरेंद्र सोलंकी, धर्मेंद्र जौहरी सभी ने अपनी अपनी बात रखी किसी ने बगीचा गोद लेने की, किसी ने वृक्ष लगाने की अंत में आभार प्रिंस जिंदल ने किया।

# पिछली बार आश्वासन पर भी सहकारिता कर्मियों ने धोखा खाया, इस बार अंतिम निर्णय की लड़ाई



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिला सहकारी समिति के कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल 8 सितंबर से बरसते पानी में भी नहीं डगमगाई। इन कर्मचारियों को आश्वासनों का धोखा ही हमेशा मिला है। अब वे घायल शेर की तरह गांधीवादी तरीके से मैदान में डटे हुए हैं।**

### सरकार ने छोटे कर्मियों को धोखा क्यों दिया?

पिछले साल भी इन्हीं दिनों में हड़ताल की थी। भोपाल में भी प्रदेश भर के सहकारिताकर्मी एकत्रित हुए थे। वहां आश्वासन मिला था कि कुछ ही दिनों में उनकी मांगे लागू कर दी जाएंगी। इसके बाद कर्मचारी खुश होकर लौट आए थे, लेकिन सरकार और रजिस्ट्रार के बीच पेंच फंसने के कारण इन कर्मचारियों की मांगों को फुटबॉल बना दिया गया।

### यह हैं प्रमुख मांगें

कर्मचारियों ने बताया कि उनकी ना बीमा है ना पेंशन है। अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह उन्हें भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। जिला सहकारी समिति अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने बताया कि सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय इन कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि उनकी जायज मांगें पूरी की जाएंगी। बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### 55 हजार की भी नहीं सुन रही सरकार

प्रदेश भर में 55,000 से अधिक सहकारी समिति और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के कर्मचारी एकजुट होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

खंडवा जिले में सभी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय परिसर में धरने पर बैठकर जोरदार नारेबाजी कर तीन सूत्रीय मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### मिल गए सरकार और बड़े अफसर

मेहनतकश इन कर्मचारियों को सरकार और सहकारिता विभाग के साथ उच्च पदों पर बैठे अफसर झोले दे रहे हैं। उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करने की जरूरत है। यदि इन्हें धोखा मिलता रहा, तो सहकारिता की नींव हिल सकती है।

### 30 साल नौकरी पर भी परमानेंट नहीं

कई कर्मचारी तो 30 साल शक्कर और घासलेट नापते नापते रिटायर्ड हो गए। किसानो और सहकारिता के बीच ये कम वेतन में सेतु का काम कर रहे हैं। सहकारिता विभाग की रीढ़ भी कहे जाते हैं। काम के घंटे भी तय नहीं हैं। सुबह से जाते हैं, तो आधी रात को घर आते हैं। कुछ कर्मचारी तो एमबीए जैसी डिग्री वाले हैं।

### खंडवा, बुरहानपुर समितियों में काम बंद

जिले की 105 सहकारी समितियां और 52 बुरहानपुर जिले की समितियां काम बंद करके हड़ताल पर चली गई हैं। सहकारी कर्मचारी अपनी तीन प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रख रहे हैं।

### समितियां के कैडर से भर्ती क्यों नहीं?

पहली और महत्वपूर्ण मांग है कि सहकारी समिति से कैडर भर्ती का 60 प्रतिशत हिस्सा जिला बैंकों में होना चाहिए था, परन्तु आज तक यह नहीं हुआ। इसी तरह अक्टूबर 2023 में विक्रेता समिति कर्मचारियों को 3,000 रुपये प्रति व्यक्ति अधिक भुगतान का आदेश जारी हुआ था, परंतु यह राशि आज तक विक्रेताओं के खातों में नहीं पहुंची। जबकि प्रदेश के अन्य 18 जिलों में यह भुगतान पूरी तरह से किया जा चुका है।

### आदेश के बावजूद ढीला रवैया

एक अन्य बड़ी मांग यह है कि 25 जुलाई 2024 को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक द्वारा पत्र जारी कर समिति कर्मचारियों को अनुदान प्राप्त राशि में से निश्चित रकम देने का निर्देश था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है।

### 26 सितंबर को भोपाल में जुटेंगे कर्मचारी

मिश्रीलाल पटेल ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र समाधान नहीं निकला तो 26 सितंबर को प्रदेश भर के सभी सहकारी कर्मचारी भोपाल में एक बड़े आंदोलन के लिए एकजुट होंगे। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप 105 सहकारी समितियां और 300 से अधिक पीडीएस केंद्र बंद रहेंगे, जिससे किसानों को समय पर खाद, बीज वितरण और ऋण वसूली में तथा आम जनता को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अनाज प्राप्ति में गंभीर कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

## निगम की साधारण सभा बुलाने भटक रहे विपक्ष के 18 पार्षद

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। नगर निगम में बहुमत वाली सत्तारूढ़ भाजपा की परिषद किसी से भी नहीं दब रही है। नियमों को अपने हित में करने के लिए किसी भी तरह से मरोड़ दिया जाता है। नगर निगम की साधारण सभा मर्जी के मुताबिक बुलाई जाती है।**

जिम्मेदार अफसर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम में लगभग 55 पार्षद हैं। इसमें से 18 सीटों पर कांग्रेस और समर्थित लोगों की विजय हुई थी। हर 3 महीने में साधारण सभा बुलाकर शहर हित के मुद्दे और जो कार्य कराए गए हैं, उन पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन निगम के जिम्मेदार ऐसा करने से जी चुरा रहे हैं।



### कलेक्टर के पास पहुंचे विपक्षी पार्षद

जब ये पार्षद इस काम में सफल नहीं हो पाए, तो इन्होंने मिलकर कलेक्ट्रेट की शरण ली। कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग की गई है कि साधारण सभा आयोजित करने के लिए उचित कार्रवाई करें या सरकार को यह प्रतिवेदन भेजें कि नियम 1956 का उलझन हो रहा है। कलेक्टर ने भी आवेदन लिया और उचित स्थान पर इसे प्रेषित करने का आश्वासन दिया है। नगर निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत साधारण सभा बुलाने हेतु 18 पार्षदों के समर्थन पत्र के साथ हम नगर निगम अध्यक्ष महोदय से मिलने पहुंचे, परंतु समय न मिलने के कारण अपनी मांग हेतु आवेदन लेकर हम सभी पार्षदगण कलेक्टर महोदय के कार्यालय पहुंचे और साधारण सभा आयोजित करने की मांग रखी।

### सभा नहीं बुलाने की जोखिम कौन ले?

उन्हें पूरा विश्वास है कि यह 18 पार्षद हावी हो जाएंगे। परिषद में बैठक के दौरान ही उनके कार्य की पोल खोल देंगे। इसलिए बैठकों को टाला जा रहा है। 18 पार्षदों ने नगर निगम के अध्यक्ष से मिलने की कोशिश की उन्हें अपनी मांग का आवेदन देना चाहते थे कि नगर निगम के अधिनियम 1956 के अंतर्गत साधारण सभा बुलाई जाए।

## ओंकारेश्वर पॉवर स्टेशन में हिंदी पखवाडा एवं हिंदी दिवस-2025 का आयोजन







**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** पॉवर स्टेशन, सिद्धवरकूट में दिनांक 14-29 सितंबर' 2025 तक राजभाषा अधिनियम के तहत हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रतियोगितओं के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, सोमवार को पखवाड़े का शुभारंभ समारोह धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, परियोजना प्रमुख की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

हिन्दी पखवाडा के दौरान ओंकारेश्वर पॉवर स्टेशन में कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता, हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदी शब्दावली प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी तथा प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं दो सांत्वना पुरस्कार में आधी राशि की हिंदी पुस्तकें एवं आधी राशि ई भुगतान स्वरुप प्रदान की जानी है।

उदघाटन समारोह में परियोजना प्रमुख धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने की शपथ दिलाई एवं हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का अभिन्न हिस्सा है'। हमें गर्व होना चाहिए कि हम इस भाषा का उपयोग करते हैं और इसे बढ़ावा देते हैं। हिंदी पखवाडें के दौरान ही नही हमेशा ही हमें कार्यालयीन, सामान्य एवं तकनीकी पत्राचार कार्यो में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग को बढाया जाना चाहिए।

## जिले के कई दिव्यांग शिक्षकों का सम्मान समारोह



**नवभारत न्यूज**

*खंडवा। दिव्यांग गतिशक्ति सेवा समिति ने दिव्यांगजन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लुकमान मसूद ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।*

श्री मसूद ने कुछ विशेष कोर्सेज के लिए सहायता प्रदान करने एवं सभी दिव्याग शिक्षकों हेतु आने वाले समय मे निशुल्क पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाने की घोषणा की।

### शिक्षकों का सम्मान किया

में प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन सत्यनारायण चौहान शिक्षक कवि साहित्यकार ने किया। सम्मान के कार्यक्रम में खिरकिया, लहाड़पुर, रुस्तमपुर, बोरगांव, खिराला, खंडवा जिले से करीबन 75 शिक्षक शामिल हुए। समिति के सचिव श्री पन्नालाल ने अपनी संस्था का पूरा परिचय देते हुए कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षकों का आभार मानते हुए सभी इसी प्रकार सहयोग करने का निवेदन किया।

### महिलाओं को रोजगार की कई योजनाएं

दिव्यांग महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष मनीषा वेताल ने महिलाओं को रोजगार दिए जाने वाली योजनाओं से अवगत करवाया। समिति के कोषाध्यक्ष मांगीलाल नागर, सह सचिव पदम कुशवाह, पुष्पकदास बैरागी, अध्यक्ष विजय बिल्लौरे उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** — बैडमिंटन 50 प्लस आयु वर्ग में खंडवा एसपी मनोज राय व उनके पार्टर मोहनसिंह विजेता

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न शहरों के खिलाड़ियों ने भाग लिया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। खंडवा बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में विद्याकुंज स्कूल के खेल कुंज एकेडमी में रात्रिकालीन एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें खंडवा, बुरहानपुर, होशंगाबाद, सनावद, अमरावती, हरदा, इटारसी, खरगोन, धारणी सहित अन्य शहरों के लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट शनिवार शाम 7 बजे शुरू होकर रविवार सुबह 9 बजे तक चला।**



प्रतियोगिता में युवा और वरिष्ठ खिलाड़ियों की जोड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 50 प्लस व 40 प्लस आयु वर्ग में ओपन सिंगल, ओपन डबल्स इवेंट्स हुए। सभी खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

50 प्लस आयु वर्ग में खंडवा एसपी मनोज कुमार राय और जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मोहनसिंह चौहान (बबली) की जोड़ी विजेता और आशीष मित्तल एवं संजय सनावद उपविजेता बने।

इसी तरह 40 प्लस डबल्स के मुकाबले में शरद एवं करण विजेता व उपविजेता प्रमोद एवं दिगंबर बुरहानपुर बने। ओपन डबल्स विजेता सुमित एवं कौशिक इटारसी उपविजेता आकाश एवं उत्कर्ष इटारसी ओपन सिंगल विजेता उत्कर्ष वर्मा उपविजेता कौशिक भार्गव रहे। विजेता उपविजेता को सीनियर खिलाड़ी प्रकाश पुरोहित एवं अरुण श्राफ ने पारितोषिक वितरण किया। प्रतियोगिता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, सूबेदार धरमचंद, एएसआई जितेंद्र तिवारी, कार्तिक शाह व प्रियांशु दुबे व दीपू विश्वकर्मा-नरेंद्र मलगाय सहित बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी अपना उम्दा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अभय दुबे ने किया। आभार कोच विश्वास शर्मा गोपी ने माना।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारिता सोसायटी (बि पेक्स)-गुलाईमाल पंजी. क्रमांक 854**

क्र. / वार्षिक आमसभा 2025 — दिनांक-11/09/2025

**// वार्षिक साधारण सभा सूचना //**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृष साख सहकारिता सोसायटीज (बी पेक्स) गुलाईमाल के समस्त अंशधारियों से निवेदन है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 26/09/2025 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 12 बजे संस्था कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। समयाबधि मे गणपूर्ति न होने पर बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे बाद 12.30 बजे आहूत की जाएगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होंगी।

**प्रशासक मोहनसिंह दांगी** — **समिति प्रबंधक शंकरलाल कबडे**

**कार्यालय तहसील सहकारी कृषि प्रसंस्करण एवं विपणन संघ मर्यादित खंडवा पंजीयन क्रमांक 272 दिनांक 08.11.38**

क्रमांक /2025/16 — दिनाँक 06.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

सम्मानीय, तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संध मर्यादित खण्डवा के समस्त अँशधारी सदस्यो से निवेदन है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनाँक 22.09.2025 दिन सोमवार दोपहर 12.00 बजे संस्था कार्यालय जिनिंग फैक्ट्री इन्दौर रोड खण्डवा पर आयोजित की गई है। जिसमे आपकी उपस्थिती प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नही होने की दशा में सम्मेलन को स्थगति कर पुन: इसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात 12.30 बजे बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। संस्था के वार्षिक सम्मेलन से संबंधित सूचना समस्त सदस्यो को डाक के माध्यम से भेजी जा चुकी है। यदि किसी सदस्य या सदस्य समिति को प्राप्त न हो सकी हो तो इस प्रकाशन सूचना को अधिकृत आमंत्रण मानते हुये संस्था में प्रतिनिधित्व हेतू अधिकृत सदस्य प्रतिनिधी भेजने की कृपा करें।

**विनोद कुमार माली प्रबंधक** — **मोहन सिंह दांगी प्रशासक**

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित बोरगांव बुजुर्ग, (पंजीयन क्रमांक-212)**

क्रमांक / साधारणसभा /19/क्यू/1 — दिनांक: 10.09.2025

**वार्षिक साधारण सभा सूचना**

महानुभाव, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित बोरगांव बुजुर्ग के अंशधारी सदस्यो की वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को समय दोप. 12.30 बजे स्थान : संस्था कार्यालय बोरगांव बुजुर्ग मे आयोजित की जायेगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। आपकी उपस्थिति बैठक में सादर प्राथनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव मे बैठक स्थिगित होने की दशा मे साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधे घंण्टे पश्चात 1.00 आयोजित की जायेगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। आपकी उपस्थिति बैठक मे सादर प्राथनीय है। यदि किसी सदस्य को विषय सूची मे संबंधित किसी प्रकार की जानकारी चाहिये तो 7 दिवस पूर्व लिखित सुचना देवे।

**रामदास पटेल समिति प्रबंधक** — **गोविंदप्रसाद नागवंशी प्रशासक**

**जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, खण्डवा, पं.क्र.1074 रामेश्वर रोड़, खण्डवा (म. प्र.)**

**वार्षिक आमसभा सूचना पत्र**

क्रमांक / आमसभा / 2025/226 — दिनांक 08.09.2025

संस्था के समस्त अंशधारियों से निवेदन हैं कि संस्था की 54 वीं वार्षिक आमसभा, दिनांक 27.09.2025 दिन शनिवार को दोपहर 12.00 बजे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, प्रधान कार्यालय रामेश्वर रोड़ खण्डवा के शास्त्री हॉल में आयोजित की जाना हैं। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनिय हैं। अत: समस्त अंशधारियों से निवेदन हैं कि सभा में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की कृपा करें। निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जावेगा। स्थगित सम्मेलन आधे घंटे पश्चात् प्रारंभ किया जावेगा, जिसमे गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। व्यक्तिगत सूचना पत्र डाक द्वारा भेजे गये हैं।

**अरूण कुमार मराठे प्रभारी प्रबंधक** — **कृष्ण कुमार साहू अध्यक्ष**